विश्व मृदा स्वास्थय दिवस 05 दिसम्बर 2017

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नयी दिल्ली के तत्वाधान में भाकृअनुप-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, कानपुर के नेतृत्व में आयोजित उत्तर प्रदेश के 58 कृषि विज्ञान केन्द्रों में दिनांक 05 दिसम्बर 2017 को विश्व मृदा स्वास्थय दिवस मनाया गया।

जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र, बाराबंकी में कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के माननीय कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही जी ने किया। आयोजित कार्यक्रम में किसानों को 300 मृदा स्वास्थय कार्डों का वितरण किया गया व कुल 525 किसानों नें भाग लिया तथा क्षेत्र के मा० सासंद महोदय, मा० विधायक एवं कुलपति, नरेन्द्र देव कृ.वि.वि., निदेशक अटारी कानपुर, डॉ0 यू. एस. गौतम व निदेशक प्रसार , नरेन्द्र देव कृ.वि.वि. व जनपद के कृषि व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

इसी प्रकार अन्य 58 कृषि विज्ञान केन्द्रों में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपदों के माननीय सासंद एवं मा० विधायक मौजूद रहे। कार्यक्रम में जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों, कृषि अधिकारियों/कर्मचारियों, तथा बैंकों के कार्मिकों की भी उपस्थिति रही। इस अवसर पर केवीके द्वारा कृषि प्रदर्शनी व विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये कृषि उत्पादों के स्टालों का प्रदर्शन भी किया गया तथा किसानों को नयी तकनीकी, खाद का प्रयोग, उसका समुचित मात्रा में इस्तेमाल, मृदा परीक्षण ; उसकी उपयोगिता, उसमें निहित पोषक तत्वों के स्तर , उनकी कमी या अधिकता से होने वाले मृदा के प्रभाव में विस्तृत जानकारी दी गयी जिससे किसानों को कम लागत पर अधिक आय हो सके व किसानों की आय को 2022 तक दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

द्वारा - भाकृअनुप-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, कानपुर

Barabanki

प्री-रबी कैम्पेन-2017
विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस समारोह
ICAR
कृषि विज्ञान केन्द्र
विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस
05 दिसम्बर 2017
कुमारगंज, फैजाबाद, 224229

Sitapur-II

Kanpur Dehat

Jalaun

धरती पुत्रों को हमारा नमन है
सॉयल हैल्थ कार्ड स्कीम
किसानों की मदद के लिए अनूठा प्रयास
स्थान- कृषि विज्ञान केन्द्र, जालौन दिनांक- 05.12.2017

Gorakhpur